प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

इंडिया हेकाथॉन

स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन 2024 के सातवें संस्करण का ग्रैंड फिनाले कल देशभर में 51 केंद्रों पर शुरू होगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस ग्रैंड फिनाले में एक हजार 3 सौ से अधिक विद्यार्थी टीमें भाग लेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ग्रैंड फिनाले में युवा नवोन्मेषकों के साथ बातचीत करेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन हमारे दैनिक जीवन में आने वाली कुछ कठिन समस्याओं का समाधान करने का एक मंच विद्यार्थियों को प्रदान करने संबंधी एक राष्ट्रव्यापी पहल है। इस तरह उत्पाद नवाचार की संस्कृति और समस्या सुलझाने की मनोदशा विकसित की जा सकती है।

एम.ओ.यू.

प्रदेश सरकार द्वारा चिन्हित राज्य के चार ग्रीन कॉरिडोर में सुविधाएं बढ़ाने के लिए आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की उपस्थिति में परिवहन विभाग और दो कम्पनियों के बीच एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किया गया। इसके तहत जीओ–बीपी कम्पनी मंडी–जोगिन्द्रनगर–पठानकोट सहित कीरतपुर–मनाली– केलंग जबकि ई.वी.आई. टैक्नोलॉजी कम्पनी परमाणु–ऊना–संसारपुर टेरेस–नूरपुर और परवाणु–शिमला–रिकांगपिओ–लोसर ग्रीन कॉरिडोर विकसित करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये कम्पनियां एक साल के भीतर 41 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन, वे –साइड सुविधाएं और सुपर मार्केट स्थापित करेंगी। उन्होंने कहा कि कम्पनियां राज्य सरकार को लगभग 75 लाख रूपए प्रतिवर्ष लीज मनी के रूप में प्रदान करेंगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने 31 मार्च 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है और इसी के दृष्टिगत ई–व्हीकल्स के लिए मॉडल राज्य के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस मौके पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही 3 सौ 50 ई बसों की खरीद करने जा रही है और प्रदेश का परिवहन विभाग देश में ऐसा पहला विभाग है जहां सभी वाहन ईलैक्ट्रिक हैं।

मुख्यमंत्री

गूगल इंडिया के प्रमुख आशीष वट्टल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से उनके सरकारी निवास स्थान ओक ओवर में भेंट की। इस दौरान उन्होंने हिमाचल प्रदेश में सार्वजनिक सेवाओं में सकारात्मक बदलाव के दृष्टिगत एआई–संचालित पहलों पर सहयोग की संभावनाओं पर विचार–विमर्श

किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने श्रम और रोजगार विभाग के माध्यम से गूगल के साथ मिलकर 'पीपल्स एम्पावरमेंट प्लेटफॉर्म' विकसित करने की योजना तैयार की है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जन शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित करने के लिए सरकार मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन–1100 को जनरेटिव एआई के साथ अपग्रेड करने की दिशा में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकी में कृषि और आपदा तैयारियों में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है।

आक्रोश रैली

प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दो साल के कार्यकाल के खिलाफ भाजपा इन दिनों प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आक्रोश रैलियां निकाल रही है। इसी कड़ी में आज शिमला जिला भाजपा ने सीटीओ से शेरे ए पंजाब तक आक्रोश रैली निकाली और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रैली में प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और सांसद सुरेश कश्यप सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि आज प्रदेश में चार स्थानों पर जन आक्रोश रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज शिमला के अलावा देहरा, किन्नौर और लाहौल स्पीति में भी जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। बिंदल ने कहा कि दो साल के कार्यकाल में प्रदेश सरकार हर स्तर पर नाकाम रही है ऐसे में सरकार जश्न किस बात का मना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक भी गारंटी पूरी नहीं की है और जनता के साथ वादाखिलाफी हुई है।

आक्रोश रैली–2

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी प्रदेश सरकार पर 2 वर्षों में हर क्षेत्र में नाकाम रहने के आरोप लगाए और कहा कि आज जब प्रदेश की स्थिति ठीक नहीं है तो ऐसे में सरकार द्वारा मनाया जाने वाला जश्न बर्बादी का जश्न मात्र है।

——————————